>

Title: Need to give financial package to establish AIIMS in Eatern Uttar Pradesh.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): सभापति जी, उत्तर प्रदेश बीस-बाइस करोड़ की आबादी वाला प्रदेश है। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2009 में 823 करोड़ रुपए की लागत से एम्स बनाने के लिए कैबिनेट से मंजूरी दिया। लेकिन, केन्द्र सरकार और पिछली बसपा के सरकार के बीच की आपसी राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता, खींचतान के कारण उत्तर प्रदेश में एम्स का निर्माण नहीं हो सका। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि पूर्वांचल में गरीबी है। वहां के कई जनपद नक्सल प्रभावित हैं। अब उत्तर प्रदेश में जनता की सरकार बनी है। उत्तर प्रदेश की सरकार कहती है कि वह जमीन देने को भी तैयार है। हम केन्द्र सरकार से कहते हैं कि 823 करोड़ रुपए की लागत से 960 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक अस्पताल बने। प्रति वर्ष उत्तर प्रदेश के पांच से सात हजार लोग मरते हैं क्योंकि वहां दवाओं का अभाव होता है, एम्स जैसी अच्छी सुविधाएं उन्हें वहां नहीं मिलती है।

सभापति महोदय: आप सरकार से क्या मांग करना चाहते हैं?

श्री रामकिशुन: सभापति महोदय, मैं सरकार से मांग करता हूं कि जो एम्स उत्तर प्रदेश के लिए स्वीकृत है, उसे एक ऐसी जगह ले जाकर बनाने का काम करें जिससे पूर्वांचल के 28-29 जिलों के लोगों को लाभ मिले और उसे बनवाने का काम करें। केन्द्र सरकार एम्स के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को तत्काल 823 करोड़ रुपया दे, यह मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं ताकि जो पूर्वांचल में गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोग हैं, चाहे वह गोरखपुर में हो, चाहे बनारस में हो, उनका इलाज़ हो सके। बस, मैं यही आपसे मांग करता हूं।